Total No. of Printed Pages—3

4 SEM TDC GEHN (CBCS) 4

2 0 2 3

(May/June)

HINDI

(Generic Elective)

Paper : GE–4

(हिन्दी की सांस्कृतिक पत्रकारिता)

Full Marks : 80

Pass Marks : 32

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'संस्कृति' शब्द का अर्थ क्या होता है?

(ख) 'सम' उपसर्ग सहित 'क' धातु में कौन-सा प्रत्यय जोड़ने पर 'संस्कृति' शब्द बनता है?

(ग) "एकता तथा राष्ट्रप्रेम के भावों को जगाकर राष्ट्रीय निष्ठा को पुष्ट करने का काम सांस्कृतिक पत्रकारिता ने किया है।" क्या यह कथन सही है या गलत?

(घ) साधारणतः सांस्कृतिक पत्रिकाओं में किन आयोजनों को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाता है?

(ङ) 'कल्याण' किस प्रकार की पत्रिका है?

(च) 'पर्यटन पत्रकारिता' को अंग्रेजी में क्या कहते हैं?

(छ) 'फोटो पत्रकारिता' किसे कहते हैं?

(ज) 'शिल्प' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 6 = 24$

(क) "पत्रकारिता साहित्य की आधारशिला है।" स्पष्ट कीजिए।

(ख) "यदि संस्कृति को पत्रकारिता से पृथक् कर दिया जाये तो निश्चित रूप से वर्तमान पत्रकारिता बेजान एवं दिशाहीन हो जायेगी।" अपना मत प्रकट कीजिए।

(ग) सांस्कृतिक संवाद का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(घ) मंचकला एवं पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं? समझाकर लिखिए।

(ङ) स्थापत्यकला के विषय में विस्तारपूर्वक लिखिए।

(च) पर्यटन पत्रकारिता के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए इसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(छ) 'चलचित्र पत्रकारिता' के सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।

(ज) सांस्कृतिक संवाददाता की योग्यताओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $12 \times 4 = 48$

(क) सांस्कृतिक पत्रकारिता की अवधारणा को बताते हुए इसके महत्त्व को प्रतिपादित कीजिए।

(ख) सांस्कृतिक संवाद के भेदों का उल्लेख करते हुए इसकी विशेषताओं को लिखिए।

(ग) मंचकला एवं पत्रकारिता के स्वरूप को समझाते हुए इसके प्रमुख तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

(घ) संवाद लेखन और समीक्षा से आप क्या समझते हैं? सविस्तार लिखिए।

(ङ) छायाचित्र और प्रयोग के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए इसके प्रकारों पर चर्चा कीजिए।

(च) संस्कृति को परिभाषित करते हुए इसके भेदों को विस्तारपूर्वक लिखिए।

(छ) चलचित्र पत्रकारिता के प्रकारों का उल्लेख करते हुए इसके व्यवहार पर प्रकाश डालिए।

★★★